नगर पंचायत जुब्बल, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं का

अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

अवधि 01.04.2021 से 31.03.2023 तक

भाग–एक

1. **प्रारम्भिक**

(क) प्रारम्भिक: ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप नगर पालिका अधिनियम 1994 की धारा 255 (1) में संशोधन होने व प्रधान सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या: 1–376/81–फिन (एल0ए0) खण्ड–IV, दिनाँक 16.10.2008 द्वारा नगर पालिकाओं/नगर पंचायतों के लेखाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, नगर पंचायत जुब्बल, जिला शिमला के लेखाओं का अंकेक्षण कार्य हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा निष्पादित किया गया।

अंकेक्षण अवधि 01.04.2021 से 31.03.2023 के दौरान नगर पंचायत जुब्बल, जिला शिमला में निम्न अध्यक्ष एवं सचिव नियन्त्रक अधिकारी, आहरण एवं संवितरण अधिकारी के रूप में कार्यरत रहे:–

(i) अध्यक्ष

क्र0 सं0	नाम	अवधि
1	श्री दिलीप चौहान	01.04.2021 से 31.03.2023

(ii) सचिव एवं आहरण व संवितरण अधिकारी

क्र0 सं0	नाम	अवधि
1	श्री पियूष चौहान	01.04.2021 से 31.03.2023

(ख) गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार

नगर पंचायत जुब्बल, जिला शिमला के लेखाओं अवधि 04/2021 से 03/2023 तक के अंकेक्षण में पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार निम्न प्रकार से है:–

क्र. सं.	पैरा संख्या	गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार	राशि लाखों मे (₹)
1	7.1	सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के बिना सामान्य भविष्य निधि से अनियमित भुगतान करना।	10.07

5 वित्तीय स्थिति

5.1 सामान्य रोकड़ बही

नगर पंचायत द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः एसके–एसओ/स्टेट ऑडिट/2023–173 दिनाँक 06–11–2023 के सन्दर्भ में यथा **परिशिष्ट–"1"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार अवधि 01.04.2021 से 31.03.2023 तक की वित्तीय का विवरण निम्न प्रकार से थाः–

Financial Position of Nagar Panchayat Jubbal, Distt.Shimla. (H.P.) for the period 01-04-2021 to 31-03-2023

YEAR	Name of Head	Opening Balance	Receipt during the Year	Interest Received	Total	Expenditure	Closing Balance
2021-22	Own Sources	191411.89	1576839.00	531302.00	2299552.89	1501702.00	797850.89
	Grant In Aid	20703066.60	5947484.00	0.00	26650550.60	6504188.00	20146362.60
	Total	**20894478.49**	**7524323.00**	**531302.00**	**28950103.49**	**8005890.00**	**20944213.49**
2022-23	Own Sources	797850.89	811283.00	601807.00	2210940.89	1265434.00	945506.89
	Grant In Aid	20146362.60	8746563.00	0.00	28892925.60	9568970.23	19323955.37
	Total	**20944213.49**	**9557846.00**	**601807.00**	**31103866.49**	**10834404.23**	**20269462.26**